an>

Title: Regarding the completion of the pending projects of railway in Kalyan, Maharashtra.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । मैं सिर्फ एक मिनट का समय लूँगा । मैं यहाँ पर अपने चुनाव क्षेत्र में रेलवे के अधूरे प्रोजेक्ट्स से संबंधित विषय को रखना चाहता हूँ, जैसे कि फिफ्थ और सिक्स्थ लाइन और कल्याण यार्ड रिमॉडलिंग । ये दोनों प्रोजेक्ट मेरे चुनाव क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि लाखों यात्री रेलवे से सफर करते हैं । यह फिफ्थ और सिक्स्थ लाइन वाला प्रोजेक्ट वर्ष 2008 में सैंक्शन हुआ था, लेकिन अभी तक उसका काम पूरा नहीं हुआ है । मैं यह माँग करता हूँ कि जिस एमयूटीपी-टू के अंतर्गत यह प्रोजेक्ट सैंक्शन हुआ था, जल्द से जल्द उसे पूरा कर दिया जाए । इसी के साथ कल्याण यार्ड रिमॉडलिंग, जो बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जो एमयूटीपी-थ्री के अंतर्गत मंजूर हुआ था, उसका काम भी अभी तक शुरू नहीं किया है । जब ये दोनों काम हो जाएंगे, तो एक्सप्रेस लाइंस और लोकल लाइंस दोनों अलग-अलग हो जाएंगी और लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों को जो तकलीफ होती है, उन्हें इंतजार करना पड़ता है, वैसा नहीं होगा । ऐसा होने से लोकल की अतिरिक्त 100 सर्विसेज यहाँ शुरू कर सकते हैं । इसलिए जल्द से जल्द इन कामों को पूर्ण करने का कार्य सरकार को करना चाहिए । धन्यवाद ।